# स्वास्थ्य शिविरों से 24,130 से ज्यादा नागरिकों को मिला लाभ

**वीर अर्जुन संवाददाता**

देहरादून, । भारत की सबसे बडी नॉन-बैंकिंग फाईनेंस कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाईनेंस आईआईएफएल फाउंडेशन के साथ मिलकर अपनी शाखाओं के विशाल नेटवर्क के जरिए 'मिलन' के बैनर तले अनेक सामुदायिक गतिविधियां आयोजित करता है। ये गतिविधियां समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालती है और स्थानीय समुदाय एवं समाज को अपना योगदान देने के आईआईएफएल के मिशन का हिस्सा है। मॉनसून के साथ अनेक बीमारियों का आगमन होता है और आईआईएफएल फाईनेंस नागरिकों को सेहतमंद रखने के मिशन पर है। जुलाई, 2019 के तीसरे सप्ताह, आईआईएफएल ने देश के 700 से ज्यादा शहरों में 1035 निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए। 'बी मॉनसून रेडी' (मॉनसून के लिए तैयार रहें) की थीम के तहत आयोजित किए गए इन स्वास्थ्य शिविरों से 24,130 नागरिकों को मॉनसून से जुडी बीमारियों को समझने में मदद मिली और उन्होंने इनके लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जाना। आनंद माथुर, प्रेसिडेंट-ह्यूमन रिसोर्सेस ने कहा, ''आईआईएफएल फाईनेंस एक जिम्मेदार संगठन है, जिसका मानना है कि स्वास्थ्य हर किसी का मौलिक अधिकार है। इन मॉनसून-विशिष्ट स्वास्थ्य शिविरों द्वारा हमने मॉनसून के दौरान होने वाली स्वास्थ्य की समस्याओं के बारे में जागरुकता बढाने में अपना योगदान दिया है।

शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए।